# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2014

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2014

## (ANNUAL / वार्षिक)

# ECONOMICS

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

Biharboardquestionpaper.com

SECTION - A

I. निम्नलिखित प्रश्न संख्या 1 से 25 में केवल एक ही उत्तर सही है। प्रत्येक प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से आपको सही उत्तर चुनना है

1. निम्न में कौन स्थिर लागत नहीं है ?

(a) ऋण पर ब्याज

(b) कच्चे माल की लागत

(c) फैक्ट्री का किराया

(d) बीमा को किस्त

2. समष्टि अर्थशास्त्र अध्ययन करता है।

(a) अर्थव्यवस्था के यौगिक चरों जैसे राष्ट्रीय आय तथा राष्ट्रीय बचत का

(b) सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था से संबंधित समस्याओं - बेरोजगारी, मूल्य वृद्धि का

(c) सम्पूर्ण समाज में उत्पादन एवं आय के वितरण का

(d) इनमें से सभी विषयों का

3. केन्द्रीय बैंक किसके द्वारा साख पर नियंत्रण रखता है ?

(a) बैंक दर

(b) खुले बाजार की क्रियाएँ

(c) नकद-कोष अनुपात

(d) इनमें से सभी

4. आय में वृद्धि से कोई माँग वक्र

(a) बायीं ओर खिसक जाता है।

(b) दायीं ओर खिसक जाता है

(c) अपने स्थान पर स्थिर रहता है

(d) पहले बायीं ओर फिर दायीं ओर खिसक जाता है

5. एक लम्बवत माँग वक्र का अर्थ है कि

(a) वस्तु आवश्यक आवश्यकता है

(b) वस्तु आवश्यकता है

(c) वस्तु आरामदायक वस्तु

(d) वस्तु विलासिता वस्तु है

6. उपभोक्ता संतुलन के लिए वस्तु की

(a) कुल उपयोगिता = मूल्य

(b) सीमांत उपयोगिता = मूल्य

(c) औसत उपयोगिता = मूल्य

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

7. निम्न में से कौन अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्या नहीं है ?

(a) क्या उत्पादन हो

(b) विदेश व्यापार कैसे बढ़े

(c) किस विधि से उत्पादन हो

(d) किसके लिए उत्पादन हो

8. सम-सीमांत उपयोगिता नियम को कहते हैं

(a) गोसेन का दूसरा नियम

(b) प्रतिस्थापन का नियम

(c) उपयोगिता ह्रास का नियम

(d) (a) और (b) दोनों

9. यदि किसी वस्तु के मूल्य माँग की लोच $e_p$ = 0.5 हो, तो वस्तु की माँग

(a) लोचदार है

(b) पूर्णा लोचदार है

(c) सापेक्षिक बेलोचदार है

(d) पूर्णतः बेलोचदार है।

10. निम्न में से कौन माँग की लोच मापने की विधि नहीं है ?

(a) प्रतिशत विधि

(b) आय प्रणाली

(c) कुल व्यय प्रणाली

(d) बिन्दु विधि

BiharboardQuestionpaper.com

11. केंन्द्र से निकली सीधी पूर्ति रेखा की लोच (E)

(a) इकाई से कम ($E_s$ < 1) होती है

(b) इकाई से अधिक ($E_s$ > 1) होती है

(c) इकाई से बराबर ($E_s$ = 1) होती है

(d) अनंत से बराबर ($E_s$ = ∞) होती है

12. एकाधिकार फर्म के संतुलन की शर्त है

(a) औसत आय = औसत लागत

(b) सीमांत आय = सीमांत लागत

(c) सीमांत लागत वक्र को ढाल > सीमांत आय वक्र की ढाल

(d) (b) और (c) दोनों

13. निम्न में से कौन साख नियंत्रण की गुणात्मक विधि नहीं है ?

(a) मार्जिन आवश्यकता

(b) नैतिक दबाव

(c) उपभोक्ता साख पर नियंत्रण

(d) बैंकों के नकद कोष अनुपात में परिवर्तन

14. कौन-सा कथन सत्य है

(a) गुणक (k) = $\frac{1}{\text{सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति}}$

(b) गुणक (k) = $\frac{1}{\text{सीमान्त बचत प्रवृत्ति}}$

(c) गुणक (k) = $\frac{1}{1-\text{सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति}}$

(d) (b) और (c) दोनों

BiharboardQuestionpaper.com

15. निम्न में से कौन केन्द्रीय बैंक का कार्य नहीं है ?

(a) मुद्रा नोट का निर्गमन

(b) अंतिम आश्रयदाता

(c) आर्थिक आँकड़े एकत्र करना

(d) वित्तीय नीति का नियंत्रण

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

16. मौद्रिक नीति के प्रमुख उद्देश्य हैं

(a) मूल्य स्थिरता

(b) आर्थिक विकास को बढ़ावा

(c) आर्थिक स्थिरता

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

17. केन्स का अर्थशास्त्र

(a) न्यून माँग का अर्थशास्त्र है

(b) माँग-आधिक्य का अर्थशास्त्र है

(c) पूर्ण रोजगार का अर्थशास्त्र है

(d) आंशिक मांग का अर्थशास्त्र है

18. निम्न में से कौन माँग की लोच को प्रभावित करता है ?

(a) वस्तु की प्रकृति

(b) वस्तु का विविध उपयोग

(c) समय तत्त्व

(d) इनमें से सभी

19. पूँजी खाते में निम्न में से कौन मद है ?

(a) सरकारी विदेशी ऋण

(b) निजी विदेशी ऋण

(c) विदेशी प्रत्यक्ष विनियोग

(d) इनमें से सभी

20. नरसिम्हम समिति की स्थापना हुई थी

(a) कर सुधार के लिए

(b) बैंकिंग सुधार के लिए

(c) कृषि सुधार के लिए

(d) आधारभूत संरचना सुधार के लिए

21. विदेशी विनिमय की माँग के प्रमुख स्रोत हैं

(a) विदेशी वस्तुओं का आयात

(b) विदेश में निवेश

(c) पर्यटन

(d) इनमें से सभी

22. सरकारी व्यय जिससे परिसम्पत्ति का सृजन नहीं होता, कहलाता है

(a) राजस्व व्यय

(b) पूँजीगत व्यय

(c) नियोजित व्यय

(d) बजट व्यय

BiharboardQuestionpaper.com

23. निम्न में से कौन प्रत्यक्ष कर है ?

(a) आय कर

(b) निगम कर

(c) उत्पादन कर

(d) (a) और (b)

24. केन्द्र सरकार के कर राजस्व के अंतर्गत निम्न में से कौन शामिल नहीं है?

(a) आय कर

(b) सीमा शुल्क

(c) निगम कर

(d) उत्पादन शुल्क

25. निम्न में से कौन आर्थिक मंदी की स्थिति का लक्षण है ?

(a) रोजगार के स्तर में कमी

(b) औसत मूल्य स्तर में कमी

(c) उत्पादन में गिरावट

(d) इनमें से सभी

II. निम्नलिखित प्रश्न सं. 26 से 30 में दो कथन दिए गये हैं- कथन-I तथा कथन-II इन दोनों कथनों को ध्यान से पढ़ें तथा निचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प को चुने

(a) दोनों कथन सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है

(b) दोनों कथन सही हैं, परन्तु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

(c) कथन-I सही है, परन्तु कथन-II असत्य है

(d) कथन-I असत्य है, परन्तु कथन-II सही हैं

BiharboardQuestionpaper.com

26. कथन-I : खुली अर्थव्यवस्था में एक देश दूसरे के साथ व्यापार करता है।

कथन-II : व्यापार सकल घरेलू उत्पाद अनुपात खुलेपन की श्रेणी को दर्शाता है।

27. कथन-I : योजना व्यय के लिए साधन की कमी है।

कथन-II : ब्याज अदायगी राजस्व व्यय का सबसे बड़ा मद है।

28. कथन-I : भुगतान शेष अनुकूल या प्रतिकूल हो सकता है।

कथन-II : लेखांकन दृष्टिकोण से भुगतान शेष कभी संतुलित नहीं रहता।

29. कथन-I : विदेश विनिमय दर माँग तथा पूर्ति द्वारा निर्धारित होता है।

कथन-II : विदेश विनिमय दर के निर्धारण में सट्टेबाजी का कोई प्रभाव नहीं है।

30. कथन-I : वस्तु को कीमत और माँग के बीच सीधा संबंध होता है।

कथन-II : गिफिन वस्तु के माँग वक्र की ढाल धनात्मक होती है।

III. प्रश्न संख्या 31 से 34 तक में दो स्तंभ दिए गए हैं। स्तम्भ-I की प्रविष्टियों को स्तम्भ-II में दिये गये विकल्पों से सही-सही युग्मित करें

| स्तम्भ-I | स्तम्भ-II |
|---|---|
| 31. औसत लागत लेखा | (a) मूल बिन्दु के नतोदर |
| 32. पूर्ण प्रतियोगिता में औसत आय वक्र | (b) लम्बवत |
| 33. उत्पादन संभावना रेखा | (c) U-अक्षर जैसा |
| 34. पूर्णतः बेलोचदार माँग वक्र | (d) X-अक्ष के समानांतर सोधी रेखा |

BiharboardQuestionpaper.com

IV. प्रश्न संख्या 35 से 37 में एक उद्धरण दिया गया है। इस उद्धरण को सावधानी से पढ़कर समझें तथा इसके बाद नीचे दिये गये तीन प्रश्नों के सही उत्तर दिये गये विकल्पों में से चुनें :

उद्धरण : प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय उत्पाद को परम्परागत तौर पर किसी देश के समग्र विकास के संकेतक के रूप में उपयोग किया जाता रहा है। मानव विकास सूचकांक (HDI) विकास का ज्यादा नवीन माप है। HDI विकास के तीन आयामों को शामिल करता है-दीर्घ आयु, शैक्षिक उपलब्धि और अच्छे जीवन के लिए संसाधनों पर नियंत्रण। अतएव जीवन को गुणवत्ता सुधारने के लिए आय अभी भी महत्वपूर्ण है। किन्तु कोई समाज बिना बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य उपलब्धियाँ के अधिक उत्पादन / आय उत्पन्न नहीं कर सकता है। इसलिए, HDI विकास को मापने का ज्यादा व्यापक पैमाना है।

35. विकास का परम्परागत संकेतक है

(a) राष्ट्रीय आय

(b) प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय उत्पाद

(c) मानव विकास सूचकांक

(d) सकल राष्ट्रीय उत्पाद

36. मानव विकास सूचकांक में शामिल है

(a) दीर्घ आयु

(b) शैक्षिक उपलब्धि

(c) संसाधन पर नियंत्रण के लिए प्रति व्यक्ति आय

(d) इनमें से सभी

37. HDI विकास को मापने का

(a) नवीन माप है

(b) तीन आयामों पर आधारित है

BiharboardQuestionpaper.com

(c) विकास का ज्यादा व्यापक पैमाना है

(d) इनमें से सभी

## SECTION B

प्रश्न संख्या 1 से 10 लघु उत्तरीय प्रश्न है। सभी प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित है।

1. व्यष्टि अर्थशास्त्र से आप क्या समझते हैं ?

2. मुद्रा के कार्यों की व्याख्या करें।

3. शुद्ध प्रतियोगिता एवं पूर्ण प्रतियोगिता में अंतर करें।

4. माँग एवं पूर्ति वक्र की सहायता से 'न्यूनतम समर्थन मूल्य नीति' को दर्शायें।

5. 'माँग वक्र माँग के नियम का निरूपण है।' स्पष्ट करें।

6. एक द्वि-क्षेत्र अर्थव्यवस्था में आय के चक्रीय प्रवाह को दर्शायें।

7. निम्न में अंतर स्पष्ट करें

(a) बाजार कीमत पर कुल राष्ट्रीय उत्पाद तथा शुद्ध राष्ट्रीय उत्पादा

(b) साधन लागत पर कुल घरेलू उत्पाद तथा शुद्ध घरेलू उत्पाद

8. माँग वक्र को चित्रित करें जिनकी कीमत माँग की लोच $e_p$ है

(a) $e_p = 0$

(b) $e_p = \infty$

(c) $0 < e_p < 1$

(d) $1 < e_p < \infty$

9. औसत उपभोग प्रवृत्ति एवं सीमांत उपयोग प्रवृत्ति में क्या अंतर है ?

10. सरकार के बजट से आप क्या समझते हैं ?

BiharboardQuestionpaper.com

प्रश्न संख्या 11 से 15 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। सभी प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित हैं।

11. केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यों की व्याख्या करें।

12. उदासीनता वक्र विश्लेषण में उपभोक्ता का साम्य कैसे स्थापित होता है ?

13. कृषि के संदर्भ में उत्पत्ति ह्रास नियम की व्याख्या करें।

14. अर्थव्यवस्था के द्‌वि-क्षेत्रीय मॉडल से आय एवं रोजगार का निर्धारण कैसे होता है ? विवेचना करें।

अथवा

भारत में विनिमय दर प्रबंधन पर एक टिप्पणी लिखें।

15. भारतीय व्यापारिक बैंक के प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए।

अथवा

भारत सरकार के बजट में प्रचलित निम्नांकित धारणाओं की व्याख्या करें:

(a) राजस्व घाटा

(b) राजकोषीय घाटा

(c) प्राथमिक घाटा |

BiharboardQuestion

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..